वक्तव्य

मानव तस्करी निवारण दिवस: संयुक्त वक्तव्य

30 जुलाई 2023 मीडिया पूछताछ

मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज़ (सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाएं मंत्री) माइक एलिस, मिनिस्टर ऑफ चिल्ड्रन एण्ड फैमिली सर्विसेज़ (बाल एवं परिवार सेवाएं मंत्री) सर्ल टर्टन, मिनिस्टर ऑफ आर्ट्स, कल्चर एण्ड स्टेटस ऑफ विमेन (कला, संस्कृति और महिलाओं की स्थिति मंत्री) तान्या फ़िर और मिनिस्टर ऑफ जॉब्स, इकोनॉमी एण्ड ट्रेड (रोजगार, अर्थव्यवस्था और व्यापार मंत्री) मैट जोन्स ने मानव तस्करी निवारण विश्व दिवस पर निम्नलिखित वक्तव्य जारी किए गए:

"मानव तस्करी, और यहां तक कि अलबर्टा में भी यह एक बड़ा मुद्दा है, और हमारी सरकार सामुदायिक भागीदारों के साथ इसे उजागर करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मानव तस्करी की रोकथाम करने का सबसे अच्छा तरीका इसके बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कुछ ही दिन पहले, हमारी सरकार ने मानव तस्करी का सामना करने के लिए अलबर्टा में एक नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है, जो उत्तरजीवी व्यक्तियों, पीड़ितों और मानव तस्करी के बारे में अधिक जानने के इच्छुक लोगों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा। हम इन अकल्पनीय अपराधों को रोकने और उस स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे जिसका हर व्यक्ति हकदार है। अलबर्टा निवासी मिलकर यह लड़ाई जीतेंगे।"

माइक एलिस, मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज़ (सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवा मंत्री)

"मानव तस्करी और अन्य प्रकार के शोषण के तहत अक्सर बच्चों और युवाओं सहित कमज़ोर वर्ग के अलबर्टा निवासियों को लक्षित किया जाता है। इससे पीड़ित अपना आत्मविश्वास खो बैठते हैं और उत्तरजीवी व्यक्तियों और उनके परिवारों की जिंदगी पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। हम उत्तरजीवी व्यक्तियों की सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाने, उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और भविष्य में शोषण की रोकथाम के लिए मूल कारणों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी अलबर्टा निवासियों, विशेषकर हमारे सबसे युवा नागरिकों को सुरक्षित रहने का अधिकार है। यह हम पर निर्भर है कि हम चेतावनी के संकेतों की जानकारी प्राप्त करें और एक-दूसरे की सुरक्षा के लिए आवाज उठाएं।''

सर्ल टर्टन, मिनिस्टर ऑफ चिल्ड्रन एण्ड फैमिली सर्विसेज़ (बाल एवं परिवार सेवा मंत्री)

“अलबर्टा में मानव तस्करी बहुत आम घटनाओं में से एक है और अक्सर इसे खुलेआम किया जाता है। कोई भी मानव तस्करी का शिकार हो सकता है, लेकिन महिलाएं, लड़कियां और 2SLGBTQIA+ व्यक्तियों को अक्सर अधिक जोखिम होता है। मानव तस्करी को समाप्त करने के हमारी सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मैं एक 10-वर्षीय रणनीतिक योजना पर काम करूंगी जिसमें लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने और हमारे प्रोविंस में मानव तस्करी को समाप्त करने में मदद करने के लिए एक समाधान तैयार किया जाएगा।”

तान्या फ़िर, मिनिस्टर ऑफ आर्ट्स, कल्चर एण्ड स्टेटस ऑफ विमेन (कला, संस्कृति और महिलाओं की स्थिति मंत्री)

“श्रमिकों की तस्करी, मानव तस्करी का एक सामान्य रूप है और इससे अस्थायी विदेशी कामगारों के लिए दुर्व्यवहार और शोषण का रास्ता खुल सकता है। अलबर्टा के कार्यस्थल कानूनों के तहत, विदेशी कामगारों को किसी भी अन्य कामगार के समान अधिकार और सुरक्षा प्राप्त है। अलबर्टा सरकार एक अस्थायी विदेशी कर्मचारी सलाहकार कार्यालय चलाती है जहां कामगार उनके अधिकारों को बेहतर ढंग से समझने और अनुचित, असुरक्षित या अस्वास्थ्यकर कामकाजी परिस्थितियों का सामना करने पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। श्रमिक तस्करी की संभावित घटनाओं सहित दुर्व्यवहार के आरोप होने पर कार्यालय पीड़ितों को संबंधित अधिकारियों के पास भेज सकता है।

मैट जोन्स, मिनिस्टर ऑफ जॉब्स, इकोनॉमी एण्ड ट्रेड (रोजगार, अर्थव्यवस्था और व्यापार मंत्री)

मीडिया पूछताछ

माइकल क्वास

780-818-2389
प्रेस सचिव, पब्लिक सेफ्टी एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज़ (सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाएं)

चिनेन्ये एनोक्रुरु

780-720-1915
प्रेस सचिव, चिल्ड्रन एण्ड फैमिली सर्विसेज़ (बाल एवं परिवार सेवाएं)

गैरेट कोलर

780-554-5777
तान्या फ़िर, आर्ट्स, कल्चर एण्ड स्टेटस ऑफ विमेन (कला, संस्कृति और महिलाओं की स्थिति)

एंड्रिया फार्मर

780-405-0775
प्रेस सचिव, जॉब्स, इकोनॉमी एण्ड ट्रेड (रोजगार, अर्थव्यवस्था और व्यापार)